# हरियाणा कांग्रेस विधायकों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगाया आरोप : विधायकों को 25 करोड़ रुपये की सड़कें रिपेयर करवाने का बयान देकर किया जा रहा है बदनाम

## ● पूर्व मंत्री गीता भुक्कल का दावा : उनके क्षेत्र में एक ही सड़क पर खस्ताहाल के कारण एक साल में 70 लोगों की हो चुकी है मौत

**● आरोप : प्रदेश की सड़कों की हालत खस्ता, सरकार नहीं कर रही मरम्मत**



कांग्रेस एमएलए नाम से : हरियाणा कांग्रेस मुख्यालय पर चंडीगढ़ में मंगलवार को विधायक जगबीर मलिक, गीता भुक्कल, वरुण चौधरी, बीएल सैनी, अमित सिहाग प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए।

डॉ. सुरेंद्र धीमान / सवेरा ब्यूरो

चंडीगढ़, 23 मई : हरियाणा कांग्रेस विधायकों ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया है कि प्रदेश सरकार ने विधायकों को 25 करोड़ रुपये की सड़कें मरम्मत करवाने का बयान देकर विधायकों को बदनाम करवाया जा रहा है। विधायक जगबीर मलिक, गीता भुक्कल, वरुण चौधरी, बीएल सैनी, अमित सिहाग ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि विधायकों ने 25 करोड़ रुपये की सड़कों के नाम भेज रखे हैं मगर सरकार ने कोई भी सड़क रिपेयर नहीं की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल और डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने बार-बार बयान दिए हैं कि विधायक 25 करोड़ रुपये की सड़कें मरम्मत करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोग विधायकों से पूछते हैं कि सड़कें रिपेयर क्यों नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि इससे तो एक प्रकार से विधायकों को बदनाम करवाया जा रहा है। जगबीर मलिक ने कहा कि सरकार खुद सड़कों की हालत को सुधारना नहीं चाहती। क्योंकि सरकार ने फैसला लिया है कि 6000 किलोमीटर सड़कों को मार्केटिंग बोर्ड से लेकर जिला परिषद में ट्रांसफर किया जाएगा। जबकि जिला परिषद के पास सड़कें बनाना तो दूर मरम्मत करने तक की व्यवस्था नहीं है। मुख्यमंत्री खुद के विधायकों के हलको में सड़कें तक नहीं बना पा रहे हैं। लेकिन अपनी कमजोरी छिपाने के लिए सरकार सिर्फ विधायकों की बदनाम करने का काम कर रही है।

**एक सड़क पर एक साल में 70 की मौत हो चुकी है मगर 4 लेन तक नहीं बनाई : गीता भुक्कल**

पूर्व मंत्री गीता भुक्कल ने कहा कि उनके क्षेत्र में खानपुर-झाड़ली सड़क पर एक साल में सड़क खराब होने से लगभग 70 लोगों की मौत हो चुकी है। वे कई बार विधानसभा में यह मांग उठा चुकी हैं कि इसे फोरलेन बनाया जाए मगर आज तक सड़क पर काम नहीं हुआ। उन्होंने मांग की कि सरकार सड़कों की स्थिति और कार्यों पर श्वेत पत्र जारी करे। आज स्टेट रोड्स से लेकर हाइवे और सीएम, डिप्टी सीएम की अनाउंसमेंट पर काम नहीं हो रहा। भुक्कल ने झज्जर के छुछक बाइपास का जिक्र करते हुए बताया की भाजपा के पिछले कार्यकाल में पीडब्लूडी मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा था कि इसे पूरा किया जाएगा, लेकिन आज तक यह पूरा नहीं हुआ। सीएम के करनाल क्षेत्र से लेकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के विधानसभा क्षेत्र बादली तक में चलने लायक सड़कें नहीं हैं। भुक्कल ने कहा कि हमने सरकार को अपने क्षेत्र की फोटो और वीडियो तक भेजीं। तब सदन में कहा गया था कि 2 महीने में काम शुरू हो जाएगा, लेकिन पेचवर्क के अलावा कोई काम नहीं हुआ। लेकिन ध्यान देने वाली बात यह है कि पैचवर्क के काम में भी घोटाले की आशंका है, जिसकी जांच होनी चाहिए।

**विधायकों को लाचार बना दिया है : वरुण चौधरी**

विधायक वरुण चौधरी ने कहा कि हरियाणा में सरकार ने विधायकों को बिलकुल लाचार बना दिया है। यह देश का इकलौता ऐसा राज्य है जहां किसी तरह का एमएलए लैड नहीं दिया जाता जिससे विधायक हलके के छोटे-मोटे कार्य करवा सके। सरकार द्वारा 25 करोड़ रुपये विधायकों देने का दावा किया जाता है, जो पूरी तरह भ्रामक है। यह विधायकों को बदनाम करने का हथियार बन गया है। जबकि विधायकों द्वारा बार-बार रिकमेंडेशन देने के बावजूद सड़कों पर काम नहीं करवाया जाता। विधानसभा में भी विधायकों ने सबसे ज्यादा सड़कों का ही मुद्दा उठाया था। लेकिन सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। विधायक बीएल सैनी ने भी अपने हलके रादौर और यमुनानगर जिले की सड़कों की हालत के बार में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़कों की खस्ता हालत के साथ उनके क्षेत्र में खनन घोटाला बड़ा मुद्दा है। आने वाले समय में उसे भी मीडिया के जरिए जनता के सामने उजागर किया जाएगा।

**सिर से पांव तक भ्रष्टाचार में डूबी है सरकार :** विधायक जगबीर मलिक ने कहा कि भाजपा-जेजेपी सरकार सिर से लेकर पांव तक भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। एक महीने के भीतर भ्रष्टाचार के तीन बड़े मामले सामने आ चुके हैं। इनमें मुख्यमंत्री के दफ्तर में रहे लोौगं के साथ-साथ कौशल विकास मिशन तक के मामले शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह बेहद शर्मनाक बात है कि मुख्यमंत्री के कार्यालय में बैठे लोग भ्रष्टाचार को अंजाम देने में लगे हैं। कांग्रेस विधायकों ने मांग की कि इन तमाम घोटालों की सीबीआई द्वारा जांच होनी चाहिए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। इस मौके पर कांग्रेस मीडिया प्रभारी चांदवीर हुड्डा ,केवल ढींगरा और विजय रैना उपस्थित रहे।




# एचसीएस की परीक्षा तत्काल हो रद्दः रणदीप सिंह सुरजेवाला

सवेरा ब्यूरो



चंडीगढ़, 24 मई : दो दिन पहले 21 मई को आयोजित एचसीएस की आरंभिक परीक्षा के दूसरे पेपर में 32 प्रश्न पिछले साल के प्रश्नपत्र से नकल करके दोहराए जाने को लेकर कांग्रेस महासचिव और राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला ने सरकार व राज्य लोक सेवा आयोग पर हमला बोला है। सुरजेवाला ने कहा कि अपनी विश्वसनीयता खो चुके आयोग ने पिछले साल के सवाल दोहराकर न केवल अपनी अयोग्यता साबित की है बल्कि खुद अपना ही पेपर लीक करने का घृणति कार्य भी किया है। एचपीएससी ने पर्चा लीक करने की यह नई तकनीक इजाद की है। इस परीक्षा को तुरंत रद्द करके दोबारा पेपर करवाया जाए और आयोग को बर्खास्त करके उच्च न्यायालय के सीटिंग जज से साढ़े आठ साल में इनके घोटालों की जांच करवाई जाए। सांसद सुरजेवाला ने कहा कि एचसीएस की प्रिलिमिनरी परीक्षा में दो पेपर होते हैं। इनमें से एक पेपर सामान्य ज्ञान और दूसरा पेपर सिविल सर्विस एप्टीट्यूड टेस्ट होता है। जिसे 'सीसेट' कहा जाता है। इस 'सीसेट' की परीक्षा में पास होने के लिए हर अभ्यर्थी को 33 प्रतिशत अंक लेने अनिर्वाय हैं। तभी उसका सामान्य ज्ञान का पेपर चेक होता है। जिसके आधार पर मेरिट बनती है। यदि इस 'सीसेट' के पेपर में अभ्यर्थी 33 प्रतिशत अंक नही ले पाता तो वह मेरिट से स्वतः बाहर हो जाता है। इन्होंने 'सीसेट' के पेपर में 100 में से 32 प्रश्न पिछली बार की परीक्षा के पेपर से कॉमा-फुलस्टॉप तक बदले बिना यूं के यूं नकल करके दे दिए। कैंडिडेट्स को इस पेपर को क्वालीफाई करने के लिए केवल 33 प्रतिशत अंक ही लेने होते हैं और इनमें 32 प्रश्न व उनकी कुंजी पिछले साल से ही सार्वजनिक पटल पर होने के चलते आउट कर रखे हैं। यह सीधे-सीधे पर्चा लीक करने का षडयंत्र है। ये लोग हर परीक्षा में नकल करके प्रश्न देते हैं, जो पर्चा लीक करने का बड़ा व सुरक्षित तरीका है। सुरजेवाला ने मांग करते हुए कहा कि इस परीक्षा को तुरंत रद्द करके एचसीएस (प्री) परीक्षा दोबारा करवाई जाए।

# हजारों रोडवेज कर्मचारी 28 मई को जींद चेतावनी रैली में बढ़-चढ़कर लेंगे भागः इंद्र सिंह बधाना

**● रैली की तैयारी अंतिम चरण में, सरकार की हठधर्मिता से कर्मचारियों में भारी रोष**

**● चेतावनी रैली में सर्व कर्मचारी संघ करेगा निर्णायक आंदोलन की घोषणा**

सवेरा ब्यूरो

चंडीगढ़, 24 मई : सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आहवान पर 28 मई को जींद में हो रही राज्य स्तरीय चेतावनी रैली में हरियाणा रोडवेज के हजारों कर्मचारी झंडे व बैनर लेकर पहुंचेंगे। रैली तैयारियों को लेकर मीटिंगों का अभियान अंतिम चरण में है। हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष इंद्र सिंह बधाना, प्रदेश महासचिव सरबत सिंह पूनिया व वरिष्ठ उपप्रधान नरेंद्र दिनोद ने बताया कि 28 मई जींद रैली के प्रति कर्मचारियों में भारी उत्साह है। सरकार लंबित मांगों को लेकर गंभीर नहीं है। अर्जित अवकाश में कटौती बड़े पैमाने पर करने पर पहले से ही नाराज कर्मचारियों को आनलाइन तबादले दूरदराज डिपुओं में कर जले पर नमक छिड़कने का काम किया है। कर्मचारी नेताओं ने रैली के मुख्य मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन बहाली, परिचालकों व लिपिकों का वेतनमान 35400 लागू करने सहित अनेक मांगों को लेकर प्रदेश के हजारों रोडवेज कर्मचारी सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आहवान पर 28 मई को जींद रैली में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। चेतावनी रैली में सरकार की कर्मचारी व जनविरोधी नीतियों के खिलाफ निर्णायक आंदोलन की घोषणा की जाएगी।

# मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जनसंवाद कार्यक्रम में समस्या बताने वालों को अपमानित कियाः अनुराग ढांडा

**● कहा, हरियाणा में अपने दम पर चुनाव लड़ेगी आम आदमी पार्टी, एक महीने में 12 लाख लोग पार्टी से जुड़े**

सवेरा ब्यूरो/रवि बंसल



चंडीगढ़/ सिरसा, 24 मई : आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने बुधवार को सिरसा में प्रेसवार्ता की। उन्होंने सिरसा के लोगों को बधाई देते कहा कि ऐसी सरकार जो आम लोगों की नहीं सुनती, ऐसी सरकार जो झूठ की कहानी पर टिकी हुई है। ऐसी अहंकारी सरकार के मुख्यमंत्री को सिरसा के लोगों ने जनसंवाद कार्यक्रम में मुंहतोड़ जवाब दिया। सिरसा की जनता ने बता दिया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल अगर आप जनता से बात करने आए हैं, तो आपको सवालों का जवाब देना पड़ेगा। नहीं तो ये जनसंवाद का ढोंग बंद किजिए। उन्होंने कहा कि सीएम मनोहर लाल ने अगले एक महीने के लिए जनसंवाद कार्यक्रम पर रोक लगा दी है इसका श्रेय भी सिरसा की जनता को जाता है। नहीं तो सीएम मनोहर लाल झूठ का प्रोपेगेंडा चलाते और कहते हमने जनता की समस्याओं को सुन लिया और उनको हल भी कर दिया।

इससे पहले वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा परिवार पहचान पत्र को लेकर आम आदमी पार्टी की ओर से दिए जा रहे धरने पर गए। उन्होंने कहा कि पीपीपी को लेकर पूरे प्रदेश में षड्यंत्र किया गया। आम आदमी पार्टी आने वाले समय में उसका भी खुलासा करेगी।

उन्होंने कहा कि आठ साल से सीएम मनोहर लाल ये ढिंढोरा पिट रहे थे कि उनकी साफ सुथरी सरकार है। भ्रष्टाचार नहीं होने देते लगातार ये प्रोपेगेंडा चलाने की कोशिश हो रही थी। इसमें भाजपा से भी ज्यादा दोष कांग्रेस पार्टी का है। उन्होंने लगातार भाजपा का ये झूठ चलने दिया। एक भी मुद्दे पर आवाज नहीं उठाई। लेकिन अब आम आदमी पार्टी ने विपक्ष की भूमिका निभाते हुए पूरी तरह भाजपा के भ्रष्टाचार को उजागर किया। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हरियाणा में आम आदमी पार्टी अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। हरियाणा में आम आदमी पार्टी का बहुत बड़ा संगठन तैयार हो रहा है। पिछले दिनों आम आदमी पार्टी से 12 लाख लोग जुड़े हैं। कांग्रेस ने कर्नाटक में आम आदमी पार्टी के घोषणा पत्र को कोपी पेस्ट करके चुनाव जीता है। उनके पास कोई योजना ही नहीं है।अनुराग ढांडा ने कहा कि आम आदमी पार्टी मुख्यमंत्री मनोहर लाल और बीजेपी के भ्रष्टाचार को बेनकाब करने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को जनसंवाद कार्यक्रम में सवाल करने का हक है और मुख्यमंत्री को इसका जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां तक बिजली-पानी फ्री करने की बात है, प्रदेश में आने वाली सरकार आम आदमी पार्टी की होगी, जो जनता को मूलभूत सुविधाएं फ्री में देने का काम करेगी।

इस मौके पर कुलदीप गदराना, वीरेंद्र कुमार, जिला पार्षद प्रतिनिधि हैप्पी रानियां, धर्मपाल लाट, सुरजीत सिंह बेगू, कीरत रानियां, जिला पार्षद जसदेव सिंह निक्का, दलबीर किरमारा, रविंद्र श्योराण, जयवेंद्र सिंह, जिला पार्षद गुरचरण सिंह फौजी मनीष अरोड़ा, हंसराज समा, सुजल अनेजा सिंह प्रमोद वधवा, राजकुमार वधवा, कुलदीप भांबू, श्याम मेहता, पवन गोयल, हनुमान झंडू, जसप्रीत कौर, दर्शन कौर, पूनम गोदारा, कमल सोलंकी, अनिल चंदेल, श्याम मेहता, सतीश मम्मी ,महावीर सिंह, सतनाम कंबोज गुरपाल सिंह, जगतार सिंह साहुवाला और जसविंदर सिंह मौजूद रहे।

# हरियाणा में लगातार मजबूत हो रही कांग्रेस

**● बीजेपी, जेजेपी, इनेलो और आप छोड़कर 3 दर्जन नेता कांग्रेस में हुए शामिल**

सवेरा ब्यूरो



चंडीगढ़, 24 मईः हरियाणा में कांग्रेस लगातार मजबूत होती जा रही है। सत्ताधारी दल समेत अन्य दलों को छोड़कर नेता और कार्यकताओं का कांग्रेस में शामिल होने के लिए तांता लगा हुआ है। इसी कड़ी में आज लगभग 3 दर्जन नेताओं ने अपने सैंकड़ों कार्यकताओं के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान व सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने सभी का स्वागत किया और पार्टी में पूर्ण मान सम्मान का भरोसा दिलाया। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि बीजेपी जेजेपी सरकार से केवल आम जनता ही नहीं बल्कि उनकी अपनी पार्टी के नेता, कार्यकर्ता भी परेशान हो चुके हैं। यही कारण है कि सत्ता में होने के बावजूद बीजेपी जेजेपी जैसी पार्टियों के नेता, कार्यकर्ता कांग्रेस के साथ आ रहे हैं। कांग्रेस ज्वाइन करने वालों में प्रमुख रूप से श्री शशिकांत भारद्वाज जी (पूर्व जिलाध्यक्ष, भाजपा किसान मोर्चा सोनीपत), बीजेपी नेता डालचंद डागर (पूर्व चेयरमैन, मार्किट कमेटी, बल्लभगढ़), मनोज गुप्ता (पूर्व प्रदेश सहसचिव, आम आदमी पार्टी) विकास (बीजेपी युवा मोर्चा उपाध्यक्ष, बेरी, झज्जर), फूलवाकर (जिला प्रेस प्रवक्ता, इनेलो, सोनीपत), लोकप्रिय हरियाणवी गायक विश्वजीत चौधरी (तोशाम, भिवानी), अजय छीकारा (पूर्व उप-प्रधान, बार एसोसिएशन, चरखी दादरी) शामिल रहे। इनके साथ जोगिंदर सैनी पार्षद, सतपाल कुंडू पार्षद (जेजेपी), विक्की दूहन पार्षद (बीजेपी), महावीर रेढू पार्षद (जेजेपी) महिपाल कौशिक, पार्षद प्रतिनिधि (बीजेपी), निशा गौतम पार्षद (आप), हिमांशु कुकरेजा (युवा अध्यक्ष, जिला व्यापार मंडल, सोनीपत), प्रेम रेलम(प्रधान, वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति सोनीपत), विनोद शर्मा (पूर्व जिला महासचिव, किसान मोर्चा भाजपा, सोनीपत), सुनील पुनिया (पूर्व सरपंच, इनेलो) योगराज नंबरदार, अनिल नंबरदार, पूर्व पंच पवन, पूर्व पंच भूपेन्द्र, पूर्व पंच मंजीत ने भी कांग्रेस का दामन थामा।

# खाद्य पदार्थ विषय पर संगोष्ठी की आयोजित

सवेरा न्यूज/ कास.

नई दिल्ली, 24 मई : स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी ऑफ के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय ने देश के खाद्य पदार्थों का सामंजस्य विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की। राज्यों द्वारा विभाजित, मैंगो द्वारा संयुक्त। कुल 6 टीमों ने भाग लिया, जिसमें एसओएचएमसीटी के विद्यार्थियों ने देश भर के खाद्य पदार्थ पकाकर प्रस्तुत किए और अपनी प्रस्तुति में किसी न किसी रूप में आम का प्रयोग सुनिश्चित किया। संगोष्ठी ने छात्रों को देश में हर जगह भोजन में इस्तेमाल होने वाली आम सामग्री, देश के विभिन्न हिस्सों की खाना पकाने की तकनीक और फिर आम को मुख्य सामग्री के रूप में रखते हुए नई रेसिपी बनाने में मदद की। संगोष्ठी का निर्णय डॉ अंजना सिंह, डीन, एसओएचएमसीटी और शेफ वीरेंद्र, सहायक प्रोफेसर, एसओएचएमसीटी द्वारा किया गया था और कार्यक्रम का समन्वय एसओएचएमसीटी की स्कूल समन्वयक ज्योति सहरावत ने किया था। संगोष्ठी के विजेता थे आशुतोष और योगेश प्रथम वर्ष से, उनका मेनू था।

# मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया की रोकथाम में तेजी लाएं जिला स्वास्थ्य अधिकारीः डॉ. जी अनुपमा

सवेरा ब्यूरो


हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की एसीएस चंडीगढ़ में राज्य स्तरीय मलेरिया कार्य समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

चंडीगढ़, 24 मई : हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. जी अनुपमा की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के सचिवों के साथ वेक्टर जनित रोगों (वीबीडी) के नियंत्रण और रोकथाम के लिए बैठक बुलाई गई। बैठक में प्रबंध निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) राजनारायण कौशिक, डीजीएचएस हरियाणा डॉ. उषा गुप्ता और राज्य मुख्यालयों के वेक्टर जनित रोग अधिकारियों ने भी भाग लिया। डॉ. जी अनुपमा ने बताया कि भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने देश में वर्ष 2027 तक मलेरिया की घटनाओं को कम करने और हरियाणा से वर्ष 2030 तक मलेरिया उन्मूलन लक्ष्य निर्धारित किया है। हरियाणा मलेरिया उन्मूलन के पथ पर अग्रसर है और अंबाला, फतेहाबाद, गुरुग्राम, जींद, कैथल, कुरुक्षेत्र, पलवल और पंचकूला सहित आठ जिलों ने वर्ष 2022 के दौरान जीरो मलेरिया केस की सूचना दी है। स्वास्थ्य विभाग ने वेक्टर जनित रोगों की घटना को कम करने और मृत्यु दर को रोकने के लिए सभी निवारक और नियंत्रण उपायों को पहले ही तेज कर दिया है। वर्ष 2023 के दौरान वेक्टर जनित रोग विशेष रूप से एकत्र पानी में मच्छर पनपने से रोकने व डेंगू गतिविधियों के लिए मजबूत प्रबंधन में अन्य विभागों की भी मदद ली जा रही है।

**निकाय विभाग को मलेरियाकी रोकथाम के लिए फॉगिंग के दिए निर्देशः राजनारायण कौशिक**

एनएचएम एमडी राजनारायण कौशिक ने बताया कि बहुक्षेत्रीय दृष्टिकोण को देखते हुए स्थिर पानी का प्रबंधन, अन्य क्षेत्रों और समुदाय की मदद रोकथाम के लिए आवश्यक है। वीबीडी नियंत्रण के लिए अंतर क्षेत्रीय बैठक बुलाई गई है। आपात स्थिति में निजी ब्लड बैंकों से प्लेटलेट्स प्राप्त करने का भी प्रावधान किया गया है, जिसका खर्चा राज्य सरकार वहन करेगी। शहरी स्थानीय निकाय विभाग को मलेरिया की रोकथाम के लिए केस-आधारित फॉगिंग (रैंडम फॉगिंग नहीं) करने का निर्देश दिया गया। ट्रांसमिशन सीजन में फॉगिंग कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से फॉगिंग का शेड्यूल तैयार करने के भी निर्देश दिए। वेक्टर जनित रोगों पर नियंत्रण-2010 के उपनियमों तहत जहां मच्छरों का प्रजनन पाया जाता है। वहां नोटिस जारी करके घर-घर, दुकान, कारखाने के मालिक का चालान 200 से 2000 रुपये तक किया जा सकता है। शहरी क्षेत्र के लिए अन्य प्रमुख गतिविधियों में कचरा हटाना, शहरी क्षेत्रों में पानी के ठहराव को रोकना शामिल हैं।

**डेंगू नियंत्रण पर दिया जा रहा विशेष ध्यानः डॉ. उषा गुप्ता**

महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा डॉ. उषा गुप्ता ने बताया कि हरियाणा में मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया और जापानी एंसेफलाइटिस (जेई) सहित चार वेक्टर जनित रोग प्रचिलत हैं, जो ठहरे हुए पानी में पनपने वाले संक्रमित मच्छरों के काटने से फैलता है। बरसात के मौसम में पानी के संग्रहण के कारण मच्छरों के प्रजनन स्थलों के निर्माण की संभावना बढ़ जाती है इसलिए सोर्स रिडक्शन एक्टिविटीज पर जोर दिया जाता है।

